>

Title: Regarding setting up of Mini passport Kendra in Sambhajinagar in Aurangabad parliamentary constituency, Maharashtra.

श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद): विदेश मंत्रालय ने मेरे ससदीय क्षेत्र के अंतर्गत संभाजीनगर (औरंगाबाद-महाराष्ट्र) में एक मिनी पासपोर्ट केंद्र खोलने की घोषणा की थी। इसके लिए रखी गई शर्तों के अनुसार गारखेड़ा, औरंगाबाद में कार्यालय के लिए स्थान भी उपलब्ध कराया गया हैं जिसका निरीक्षण संयुक्त सचिव (विदेश मंत्रालय), रिजनल पासपोर्ट ऑफिसर एवं अन्य अधिकारियों ने किया और संतुष्ट होने के बाद विदेश मंत्रालय (पासपोर्ट) विभाग को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। प्रस्तावित कार्यालय औरंगाबाद महानगर पालिका के अंतर्गत आता है और उन्होंने इसे रैडी टू यूज कंडीशन में तैयार कर रखा है। मेरे कई बार पत्र लिखने के बाद सरकार ने मुझे पत्र के माध्यम से 17 जनवरी 2012 को सूचित किया कि " The proposed mini passport Kendra in Aurangabad shall be taken after March 2012. " मैं इस पासपोर्ट केंद्र के लिए लगातार 2010 से प्रयास कर रहा हूं। सभी कुछ तैयार रहने के बावजूद आखिर क्या कारण है कि औरंगाबाद मिनी पासपोर्ट केंद्र अब तक शुरू नहीं हो सका।